Ans. (d) : राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण-वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक जैसलमेर जिले में हैं जैसलमेर पश्चिमी राजस्थान का शुष्क क्षेत्र है। यहां पर वार्षिक वर्षा 25 सेमी. से भी कम होती है यहां पर सौर और पवन ऊर्जा की उच्च क्षमता है। राजस्थान की जलवायु शुष्क से उपआर्द्र मानसूनी जलवायु है। राजस्थान का सर्वाधिक दैनिक तापान्तर जैसलमेर में पाया जाता है।

96. निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य महिलाओं द्वारा किया जाता है?

(a) गैर नृत्य (b) चंग
(c) कच्छी घोड़ी (d) चरी नृत्य

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (d) – चरी नृत्य राजस्थान का प्रसिद्ध लोकनृत्य है। यह गुर्जर जाति की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला सामूहिक नृत्य है। प्रसिद्ध चरी नृत्य किशनगढ़ के गुज्जर समुदाय का है और इस नृत्य में केवल महिलाएँ ही प्रदर्शन करती हैं। फल्कू बाई चरी नृत्य की प्रसिद्ध नृत्यांगना है। जबकि गैर नृत्य, चंग नृत्य व कच्छी घोड़ी नृत्य पुरुषों द्वारा किया जाने वाला पारम्परिक नृत्य है।

97. निम्नलिखित में से कौन सी चित्रशैली पंचतन्त्र चित्रांकन के लिये भी जानी जाती है?

(a) बूंदी (b) कोटा
(c) मारवाड़ (d) ढूंढाड

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) पंचतंत्र शैली को चित्रकला की मारवाड़ शैली के नाम से जाना जाता है। पंचतंत्र का शाब्दिक अर्थ पाँच संधियाँ है।
यह पशु दंत कथाओं का एक प्राचीन संग्रह है, जो दर्शाता है कि जानवरों में भी मानवीय गुण एवं दोष होते हैं। मारवाड़ चित्र शैली में सर्वाधिक आम के वृक्षों का चित्रांकन हुआ है। मुगल काल से प्रभावित मारवाड़ चित्रशैली जोधपुर चित्र शैली कहलाती है।

98. 'हेला ख्याल' लोक संगीत राजस्थान के ----क्षेत्रों से संबंधित है।

(a) सीकर-झुन्झुनूं (b) दौसा-सवाई माधोपुर
(c) भीलवाड़ा -चित्तौड़ (d) डूंगरपुर-बांसवाड़ा

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – हेला ख्याल लोक संगीत राजस्थान के दौसा, करौली व सवाई माधोपुर में प्रचलित है। हेला ख्याल के प्रवर्तक शायर हेला को माना जाता है। इसके प्रमुख कलाकार शायर हेला है। हेला ख्याल में दी जाने वाली लंबी टेर को 'हेला देना' कहा जाता है।

99. किस राज्य के शासक को राजस्थान संघ का राजप्रमुख बनाया गया था?

(a) डूंगरपुर (b) बूंदी
(c) कोटा (d) झालावाड़

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) राजस्थान के एकीकरण का दूसरा चरण 25 मार्च, 1948 ई. को बांसवाडा, प्रतापगढ़, कोटा, बूंदी, किशनगढ़, शाहपुरा एवं झालावाड को मिलाकर बने 'राजस्थान' संघ का निर्माण हुआ। कोटा के महाराजा भीमसिंह को इस संघ का राजप्रमुख बनाया गया एवं बूंदी महाराजा बहादुर सिंह को उपराजप्रमुख बनाया गया।

100. 1930 के दशक में भरतपुर में राजनैतिक जागृति का श्रेय किसको जाता है?

(a) श्री किशनलाल जोशी **(b)** ठाकुर देशराज
(c) पं. रेवतीशरण शर्मा **(d)** युगल किशोर चतुर्वेदी

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1994-95

व्याख्या—युगल किशोर चतुर्वेदी का जन्म 4 नवम्बर, 1904 को सौंख ग्राम (मथुरा) में हुआ। सन् 1930 में जब प्रजामण्डल की मान्यता के लिए भरतपुर में सत्याग्रह छेड़ा गया तो इन्होंने नौकरी से त्यागपत्र देकर सत्याग्रह में भाग लिया तथा सक्रिय राजनीति की शुरुआत की। जनता प्यार से इनको दूसरा जवाहर लाल नेहरू कहकर पुकारती है।

(a) राठौड़ वंश का इतिहास (मारवाड़ वंश) बीकानेर

101. मेवाड़ राज घराने के अन्त्येष्टि स्थल का नाम क्या है?

(a) कागा (b) गेटोर
(c) महासत्य (d) बड़ा बाग

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : मेवाड़ राजघराने के अन्त्येष्टि स्थल का नाम महासत्य है। राजस्थान के सर्वप्रमुख राजपूत राज्य की स्थापना 566 ई. में गुहिल द्वारा की गयी। गुहिल ने नागदा को राजधानी बनाया। मेवाड़ के राणाओं ने नागदा को राजधानी बनाया। मेवाड़ के राणाओं को 'हिन्दुओं का सूरज' कहा जाता है। बप्पा रावल ने कैलाशपुरी में एकलिंग जी (लकुलीश) का मंदिर निर्मित करवाया। एकलिंग जी गुहिल वंश के कुलदेवता थे।

102. मारवाड़ के किस शासक ने, मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की थी?

(a) उदय सिंह (b) अजीत सिंह
(c) राव चन्द्रसेन (d) राव अमर सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : राव मालदेव की मृत्यु के बाद राव चन्द्रसेन 1562 में मारवाड़ का शासक बना। 1564 ई. में अकबर हुसैन कुली खाँ के नेतृत्व में सेना भेजकर जोधपुर पर अधिकार कर लिया था। राव चन्द्रसेन पहला राजपूत शासक था जिसने अकबर की अधीनता स्वीकार नही की थी। राजदरबार छोड़कर आजीवन जंगलों और पहाड़ों में भटकते रहे और मुगलों पर धावा मारते रहें।

103. साहिबदीन नामक चित्रकार को मेवाड़ के किस शासक का संरक्षण प्राप्त था?

(a) महाराणा राजसिंह (b) महाराणा अमरसिंह
(c) महाराणा जगतसिंह (d) महाराणा कुम्भा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : मेवाड़ के शासक महाराणा जगत सिंह ने साहिबदीन नामक चित्रकार को संरक्षण प्रदान किया था। साहिबदीन ने रागमाला, महाभारत एवं रामायण के विषय वस्तु को अपने चित्रों में शामिल किया था।

104. 1818 ई. में कम्पनी की ओर से राजपूत राज्यों से संधि करने वाला अधिकारी था -

(a) मॉक मेसन (b) जेम्स फर्ग्यूसन
(c) चार्ल्स हेक्टर (d) चार्ल्स मेटकाफ

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A